## महत्वपूर्ण एवं खास

### ईओडब्लू व एसीबी के आईजी की जिम्मेदारी अब जीपी सिंह को

### कल्लूरी को परिवहन की कमान

रायपुर (आरएनएस)। पुलिस विभाग में पांच वरिष्ठ अधिकारियों सहित एक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक का तबादला आदेश जारी किया गया है। पुलिस मुख्यालय में पदस्थ पुलिस महानिरीक्षक जीपी सिंह को ईओडब्लू व एसीबी का पुलिस महानिरीक्षक नियुक्त किया गया है। इस पद पर पदस्थ एसआरपी कल्लूरी को अब अपर परिवहन आयुक्त की जिम्मेदारी सौंपी गई है। ओपी पाल को परिवहन से हटाकर उपपुलिस महानिरीक्षक पुलिस मुख्यालय पदस्थ किया गया है। सुजीत कुमार को सहायक पुलिस महानिरीक्षक सीआईडी रायपुर से पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव नियुक्त किया गया है। कोंण्डागांव के पुलिस अधीक्षक अरविंद कुजूर को सहायक पुलिस महानिरीक्षक सीआईडी पदस्थ किया गया है। अशोक कुमार सिंह को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक/सहायक प्रभारी एसआईबी जगदलपुर को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पीटीएस राजनांदगांव भेजा गया है।

### समाज कल्याण विभाग के 9 अधिकारी-कर्मचारी का हुआ तबादला

रायपुर (आरएनएस)। राज्य सरकार ने समाजकल्याण विभाग के 9 अधिकारियों - कर्मचारियों का तबादला आदेश जारी किया। जारी आदेश अनुसार भूपेन्द्र पाण्डेय को प्र.उप संचालक, समाज कल्याण, जिला धमतरी से प्र.संचालक, कार्या.समाज कल्याण, जिला रायपुर, श्रीमती श्रद्धा सिंह मैथ्यू को प्र. उप संचालक, समाज कल्याण जिला कोरबा से उप नियंत्रक कार्या. उप नियंत्रक ब्रेल, आर.के.पाठक को अधीक्षक शा.दु.श्र.बा. विद्यालय जिला बिलासपुर से प्र.उप संचालक समाज कल्याण, दंतेवाड़ा, दोणर प्रसाद ठाकुर को अधीक्षक श्रवण बाधित विद्यालय दंतेवाड़ा से प्र.उपसंचालक समाज कल्याण, जिला दुर्ग, कमलेश पटेल को परिवीक्षा अधिकारी, कार्यालय समाज कल्याण, जिला दुर्ग से परिवीक्षा अधिकारी, कार्यालय समाज कल्याण, जिला दंतेवाड़ा, संतोष टोप्पो को परिवीक्षा अधिकारी, कार्यालय समाज कल्याण जिला दंतेवाड़ा से परिवीक्षा अधिकारी, कार्यालय समाज कल्याण जिला दुर्ग, रविन्द्र नाथ बोस को उप संचालक, समाज कल्याण, जिला बस्तर से प्र.संयुक्त संचालक, राज्य संसाधन एवं पुनर्वास केन्द्र रायपुर, संतोश बेक को अधीक्षक अस्थि बाधित बाल गृह बस्तर से प्र.उप संचालक, समाज कल्याण जिला बस्तर।

### महिला ने दिया 6 अविकसित भ्रूणों को जन्म

जांजगीर चाम्पा (आरएनएस)। जिले के जैजैपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 4 महीने की गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा होने पर भर्ती कराया गया. डॉक्टर की मदद से महिला एक 6 अविकसित भ्रूणों को जन्म दिया. समय से पहले हुए प्रसव में एक भी भ्रूण को जीवित नहीं रखा जा सका. प्रसव के बाद महिला की स्थिति सामान्य बताई जा रही है. गुरुवार को नंदेली की निवासी गंगा चंद्रा (25 वर्ष) को प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने सामुदायिक अस्पताल में भर्ती कराया. जहां महिला ने एक साथ 6 बच्चों को जन्म दिया. बच्चों के पूर्णरूप से विकास नहीं होने के कारण डॉक्टरों उन्हें बचा नहीं पाए. जैजैपुर के इतिहास में यह पहला मामला है, जब महिला ने 6 अविकसित बच्चों को जन्म दिया हो।

### मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

**मौके से बंदूक एवं नक्सली सामान बरामद**

जगदलपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में आज दोपहर पुलिस व नक्सलियों के मध्य हुयी मुठभेड़ में एक वर्दीधारी नक्सली मारा गया, जिसकी शिनाख्त की जा रही है। मौके से पुलिस ने बंदूक समेत दैनिक उपयोग की सामग्रियां बरामद की हैं।

### ग्राम पंचायत कुटेना के सचिव निलंबित

गरियाबंद (आरएनएस)। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आर.के. खुटे ने ग्राम पंचायत कुटेना के सचिव द्वारिका प्रसाद साहू को मनरेगा योजना अंतर्गत शौचालय निर्माण में वित्तीय अनियमितता बरतने के फ्लस्वरूप छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा नियम 1999 में निहित प्रावधानों के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। यह निलंबन जिला स्तरीय जांच समिति से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर किया गया है। निलंबन अवधि में साहू का मुख्यालय जनपद पंचायत छुरा नियत किया गया है तथा नियमानुसार इन्हें जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

# बांध में बीचों-बीच सड़क बनाने का मामला सदन में उठा

## मंत्री ने कहा, यह बांध उनके विभाग के अंतर्गत नहीं आता

## विधानसभा अध्यक्ष ने कृषि मंत्री से कहा विभाग को सचेत करे

रायपुर (आरएनएस)। विधानसभा के प्रश्न काल मे जोगी कांग्रेस से विधायक प्रमोद कुमार शर्मा ने ग्राम सकलोर स्थित बांध के बीचो-बीच एक सीमेंट कंपनी द्वारा निर्माण की गई सड़क से बड़े कृषि रकबे की सिंचाई प्रभावित होने का मुद्दा उठाया। विधायक ने कहा कि इस मामले में बार-बार शिकायत होने के बाद भी विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। मूल प्रश्न के उत्तर में कृषि मंत्री रविंद्र चौबे ने कहा कि ग्राम सकलोर ए पोस्ट हिरमी सिमगा स्थित यह बांध उनके विभाग अंतर्गत नही आता। अतः इस बांध पर किसी भी प्रकार के सड़क निर्माण की कोई अनुमति उनके विभाग द्वारा नहीं दी गई है। इस पर विधायक प्रमोद कुमार शर्मा ने कहा कि इस विषय में संवेदनशीलता का परिचय देते हुए मंत्री मोहम्मद अकबर ने निर्माण को तोड़वा दिया किंतु इसके बाद भी इस क्षेत्र की कृषि सिंचाई प्रभावित है। उन्होंने कहा



कि इस विषय में किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं आई है ऐसी जानकारी देने वाले गैर जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्यवाही होगी क्या उन्होंने कहा कि इस विषय में सैकड़ों शिकायतें आई है पर विभाग इस विषय में किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं कर रहा है पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी ने इस विषय को गंभीर बताते हुए कहा कि सीमेंट कंपनी द्वारा बांध पर सड़क बनाकर जल प्रभाव को प्रभावित करना जांच का विषय है। वहीं जोगी कांग्रेस के विधायक धर्मजीत सिंह ने भी कहा कि मंत्री मोहम्मद अकबर को धन्यवाद जिन्होंने इस बांध के बीचो.बीच बनी सड़क को जो कि अतिक्रमण थी तोड़वा दिया। उन्होंने कृषि मंत्री से कहा कि इसके बाद भी बांध का जल स्रोत प्रभावित हुआ है जब सरकार की प्राथमिकता कृषि सिंचाई के लिए जल है तो इस पर कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी ने अपनी मनमानी कर यहां निर्माण किया था उन्होंने कहा कि अब उस कंपनी को बाध्य किया जाना चाहिए कि वह अपने खर्चे से जल स्रोत की बाधा को ठीक करें। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में निजी उद्योग जल स्रोतों पर अपना अधिकार जमा रहे हैं यह गलत है।

# राजनांदगांव: टैक्टर से नीचे गिरने से एक बच्चे की मौत

राजनांदगांव. सोमनी थाना क्षेत्र के बैगाटोला के पास पास टैक्टर से नीचे गिरने पर एक बच्चे की मौत होने का मामला सामने आया है। पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना में जुटी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम फूलझर निवासी धर्मेन्द्र मंडले का परिवार मंगलवार को टैक्टर ट्राली में सवार होकर अपने किसी रिश्तेदार के घर बर्थ डे पार्टी में जाने निकलने थे। मौके पर मौत हो गई ट्रैक्टर व ट्राली में धर्मेंद्र के परिवार वाले सवार थे। इसमें धर्मेंद्र की पत्नी भी अपने 5 साल के बेटे हर्ष मंडले के साथ टैक्टर में बैठी हुई थी। बैगाटोला के पास टैक्टर अचानक उछला और 5 वर्षीय हर्ष मंडले नीचे गिर गया और पहिया के



चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस विवेचना में जुटी पुलिस ने बताया कि घटना के समय टैक्टर ट्राली में परिवार के लोग थे और घटना के बाद पुलिस को जानकारी दिए बिना ही बच्चे को अपने घर ले गए थे।

इस दौरान पुलिस को कहीं से घटना की जानकारी मिली। पुलिस मौके पर पहुंच कर मर्ग कायम कर विवेचना में जुटी है।

## नहीं थम रहा स्वाइन फ्लू का प्रकोप: बिलासपुर में अब तक हुई 5 कि मौतें

बिलासपुर (आरएनएस)। अपोलो में भर्ती स्वाइन फ्लू से पीड़ित मरीज की इलाज के दौरान बुधवार की शाम करीब 5.30 बजे मौत हो गई। चार दिन से मरीज का इलाज चल रहा था। अपोलो प्रबंधन ने शव को नहीं खोलने की समझाइश देकर परिजनों को घर भेजा गया। दूसरी ओर स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी मौत की खबर से इंकार कर रहे हैं। स्वाइन फ्लू पॉजिटिव मरीज मिलने के साथ ही मौत का आंकड़ा भी बढ़ता जा रहा है। जिले में स्वाइन फ्लू से मरने से वालों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है।



कोनी निवासी अनिल श्रीवास पिता हेतलाल की अचानक तबीयत खराब होने के कारण परिजनों ने उसे अपोलो में भर्ती कराया था। डॉक्टरों ने स्वाइन फ्लू की आशंका में ब्लड की जांच करवाई। मंगलवार को जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। इसके बाद विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम मरीज का इलाज कर रही थी। स्वाइन फ्लू की पुष्टि होने के 24 घंटे के बाद बुधवार की शाम करीब 5.30 बजे मरीज ने दम तोड़ दिया। इसके बाद डॉक्टरों ने परिजनों को जानकारी दी। परिजन शव को घर ले जाने की तैयारी कर रहे थे। इस पर अस्पताल प्रबंधन ने मृतक के परिजनों को शव को खोलने मना किया है। प्रबंधन ने प्लास्टिक से बांधकर शव परिजनों को सौंप दिया। डॉक्टर की समझाइश के मुताबिक परिजनों ने शव को नहीं खोला और घर पर भी ज्यादा समय तक नहीं रखा।

## किसानों के पेंशन योजना के मुद्दे पर विपक्ष ने कृषि मंत्री को घेरा, किया बहिर्गम

**कृषि मंत्री ने कहा, योजना के पहल की शुरुआत हो गईं है**

रायपुर (आरएनएस)। विधानसभा में आज छत्तीसगढ़ के किसानों की पेंशन योजना का मुद्दा प्रमुख विपक्षी भाजपा दल के सदस्यों ने उठाते हुए कृषि मंत्री को घेरा। कृषि मंत्री द्वारा इस मुद्दे पर दिए जवाब को असन्तोषजनक बताते हुए विपक्ष ने सदन से बहिर्गमन किया।



प्रश्नकाल में भाजपा सदस्य अजय चंद्राकर ने मंत्री से पूछा कि प्रदेश में 60 और 75 वर्ष के उम्र वाले किसानों के लिए सरकार द्वारा क्या पेंशन योजना बनाई है और अगर बनाई है तो क्या इसके लिए कोई सर्वेक्षण कराया ही ऐसे कितने किसान है जिन्हें पेंशन दिया जाना है और ये योजना कब तक लागू की जाएगी। इसके जवाब में कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने कहा कि हमारे जनघोषणा पत्र में उल्लेख सभी वादों को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री ने निर्देश दे रखा है जिसके आधार पर हम किसानों को पेंशन योजना भी प्रदेश में लागू करेंगे। उन्होंने कहा कि इस योजना के लिए अभी तक कोई सर्वेक्षण या गणना नही हुए है। इस योजना की प्रक्रिया अभी जारी है। भाजपा सदस्य अजय चंद्राकर ने कहा कि इस योजना को लेकर अभी तक सर्वेक्षण नही कराया गया है। आखिर कब तक इस योजना को लागू किया जाएगा इसकी तिथि को मंत्री को सदन में बताना चाहिए। मंत्री ने इस पर कहा कि हमारा कमिटमेंट है और हम किसानों से वादा किया है उसे जरूर पुरा करेंगे।

## नक्सलियों ने बस रोक यात्रियों को भगाया, एक को मारी गोली



नारायणपुर (आरएनएस)। नक्सलियों ने एक बस को रोककर यात्रियों को उतारा और उनमें से एक को गोली मार दी। प्राथमिक जानकारी के अनुसार उसकी मौत हो गई है। वहीं बाकी यात्रियों को पैदल जाने को कह दिया। इसके बाद बस को सड़क पर तिरछा खड़ा कर रास्ता रोक दिया। एएसपी अनिल सोनी ने घटना की पुष्टि की है। घटना जिला मुख्यालय से 49 किमी दूर रायनार के पास हुई। बस के परिचालक मंशराम ने बताया कि नक्सलियों ने बस को रोकर सभी यात्रियों को उतारा और भगा दिया।

## फिल्म छपाक की कहानी सुनते हुए रो दी थीं दीपिका पादुकोण

दीपिका पादुकोण बॉलिवुड की स्ट्रॉन्ग ऐक्ट्रेसेस में से एक मानी जाती हैं। हालांकि, वह कितनी इमोशनल इंसान हैं इस बात से भी सभी वाकिफ हैं। उनकी यही क्वालिटी उन्हें अपनी फिल्मों के किरदार के इमोशन्स से जुड़ने और फिर उसे पर्दे पर शानदार तरीके से पेश करने में मदद करती है। दीपिका की अपकमिंग फिल्म छपाक में भी उनकी यह क्वालिटी यकीनन दर्शकों को फिर से देखने को मिलगी।



फिल्म छपाक की की कहानी रियल लाइफ ऐसिड अटैक पीड़िता लक्ष्मी अग्रवाल पर आधारित है। मेघना गुलजार ने हाल ही में फिल्म के नरेशन और दीपिका पादुकोण से जुड़ा एक किस्सा शेयर किया। उन्होंने बताया कि फिल्म के लिए जब दीपिका उनसे कहानी सुन रही थीं तो किरदार के नरेशन को सुन उनके और ऐक्ट्रेस की आंखों से आंसू बहने लगे। दीपिका को लक्ष्मी और उसकी कहानी ने काफी प्रभावित किया। मेघना ने बताया कि दोनों ने बाद में खुद को संभाला और फिर नरेशन जारी रखा।

दीपिका पादुकोण और विक्रांत मैसी के बारे में बात करते हुए मेघना ने दोनों की तारीफ की। उन्होंने कहा कि दोनों ही इमोशनल इंसान हैं। विक्रांत के साथ वह इमोशन्स को देख व सुन सकती हैं वहीं दीपिका के मामले में वह इमोशन्स को फील कर सकती हैं।

## कलाकारों को मिले स्वास्थ्य व पेंशन की सुविधा -कविता वासनिक

**स्थानीय कलाकारों को मौका मिलना हमारे लिए गर्व की बात**

राजिम (आरएनएस)। सरकार लोक कलाकारों के लिए बहुत अच्छा काम करेगी जिसकी उम्मीद हम कलाकार सरकार से करते है। पहले 15 सालों में कलाकारों के लिए जो काम नहीं हुआ जो अभी की सरकार करेगी। अब तक कलाकारों को स्वास्थ्य व पेंशन की सुविधा नहीं मिली है वह नई सरकार के आने से मिलेगी। राजिम में स्थानीय कलाकारों को मौका मिलना हमारे लिए गर्व की बात है यह पूरी बात राजिम माघी पुन्नी मेले में प्रस्तुति देने पहुंची छत्तीसगढ़ की स्वर कोकिला के नाम से प्रसिद्ध कविता वासनिक ने चर्चा के दौरान कही।



उन्होंने कहा कि हमारे जैसे बड़े कलाकार सरकार से कलाकारों की सुविधाओं के विषय चर्चा करेंगे। श्रीमती वासनिक ने कहा कि कोई भी व्यक्ति जिस भी क्षेत्र में हो वह ईमानदारी से कार्य करे और अपने आधार को न छोड़े तो बहुत आगे जाएंगे। गायिका वासनिक ने कहा कि मंचों में छोटे कलाकारों को मौका देना सराहनीय प्रयास है लेकिन बड़े कलाकारों को समय सीमा में नहीं बांधना चाहिए। दर्शक मुख्य रूप से बड़े कलाकारों को देखने व सुनने पहुंचते हैं तो उन्हें प्रस्तुति के लिए कम से कम 3 घंटे का समय देना चाहिए।

## किशोरी लापता, गुम इंसान का मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। किशोरी के घर से लापता हो जाने की रिपोर्ट गुढ़ियारी थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार शीतलापारा रामनगर गुढ़ियारी निवासी महिला 33 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि शीतलापारा रामनगर से किसी ने बेटी 15 वर्ष को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया गया है।

## क्या आपको पता है बिस्तर से उठने का सही तरीका

रात को सोने कैसे जाएं इस पर तो खूब चर्चा होती है लेकिन सुबह सोकर किस तरह उठा जाए इसके बारे में लोगों को कम ही जानकारी है। बिस्तर से उठने का भी एक तरीका होता है। अगर आपको यह तरीका पता है तो सारे दिन आप तरोताजा और ऊर्जा से भरपूर रहेंगे।

आपने अक्सर सुना होगा लोग कहते हैं, पता नहीं आज बिस्तर के किस तरफ से उठा था, पूरा दिन खराब गया। लेकिन इस बात में सचाई है, जिस तरह से किस करवट आप सो रहे हैं उसका असर आपकी नींद पर पड़ता है उसी तरह आप किस तरह सोकर उठे हैं वह भी आपके स्वास्थ्य को प्रभावित करता है।

सोकर उठने का सही तरीका

आयुर्वेद और आधुनिक विज्ञान दोनों ही मानते हैं कि बिस्तर की दायीं तरफ से उठना



चाहिए। आयुर्वेद के हिसाब से आपके शरीर की दायीं तरफ सूर्य नाड़ी होती है। इसलिए जब आप अपनी दायीं करवट से उठते हैं तो इससे आपका पाचन तंत्र मजबूत होता है।

वहीं साइंस भी मानती है कि हमारे शरीर के आसपास दो चुंबकीय क्षेत्र होते हैं। एक हमारे सिर से पैरों की तरफ जाता है दूसरा पैरों से सिर की तरफ। इसलिए जब आप दायीं करवट सोकर उठते हैं तो अपने शरीर के दूसरे चुंबकीय क्षेत्र को मजबूत करते हैं। इससे आपके शरीर में ऊर्जा का प्रवाह तेज होता है। इस मामले में कुछ और विचार भी हैं जो दायीं करवट उठने का समर्थन करते हैं। इनके हिसाब से दायीं करवट उठने से आपका दिन तनाव मुक्त गुजरता है।

### कमर को तकलीफ न दें

दायीं करवट उठने के अलावा यह भी जरूरी है कि सोकर उठते समय आपकी कमर में मोच वगैरह न आए। इसके लिए ये स्टेप्स फॉलो करें:

### 1. झटके से न उठें

जब भी झटके से बिस्तर से उठेंगे तो कमर में मोच आने की आशंका ज्यादा रहेगी। इसलिए आराम से, स्ट्रेचिंग करके बिस्तर छोड़ना चाहिए।

## जानवरों के लिए अस्पताल खोलेंगी अनुष्का शर्मा

अनुष्का शर्मा को जानवरों से प्यार है, यह बात किसी से छिपी नहीं है। वह जानवरों की देखरेख के लिए कई कार्यक्रमों में भी शामिल होती हैं। अब खबर है कि वह जानवरों का एक अस्पताल शुरू करने जा रही हैं। इसके लिए उन्होंने जमीन भी ले ली है।



अनुष्का शर्मा ने शाहपुर तालुका के दहगांव में अस्पताल बनाने के लिए जमीन ली है। बता दें कि अनुष्का को इस जमीन के लिए थाणे के कलेक्टर ऑफिस से क्लियरेंस मिल गई है। अनुष्का ने पिछले साल मई में अपने जन्मदिन पर इस प्लान के बारे में बताया था। हालांकि, इसका काम 2016 में ही शुरू हो गया था।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अनुष्का शर्मा उसी जमीन पर अपने पिता के लिए एक बंगला भी बनवाना चाहती हैं। उनके प्लान है कि उनके पिता ही इस अस्पताल और शेल्टर होम की देखभाल करेंगे। अनुष्का शर्मा पिछली बार पर्दे पर शाहरुख खान के साथ जीरो में नजर आई थीं। इस फिल्म में उनकी परफॉर्मेंस को काफी सराहा गया था।

## शहीद पार्क चौपाटी पर अब नहीं होगी महिलाओं से छेड़खानी

जगदलपुर (आरएनएस)। यहां असामाजिक तत्वों का डेरा न लगे, इसलिए भी पुलिस ने पहरेदारी सुनिश्चित की है। नगर पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार का कहना है कि शाम होने के बाद यहां युवतियों के साथ ही परिवार के लोग आते रहते हैं। जहां कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा यहां अपना डेरा लगाए रहते हैं। साथ ही कुछ युवाओं द्वारा आए दिन यहां अपने वाहनों का स्टंट करने की बात भी सामने आती है।

ऐसे मामलों को देखते हुए पुलिस द्वारा लगातार यहां पर जवानों की ड्यूटी लगाई गई है।

## श्लोका मेहता के साथ आती क्या खंडाला पर थिरके आमिर खान

स्विट्जरलैंड में आकाश अंबानी और श्लोका मेहता का प्री-वेडिंग फंक्शन चल रहा है। इस फंक्शन के लिए बॉलिवुड के कई सिलेब्स भी स्विटजरलैंड पहुंचे हैं। इस फंक्शन के कुछ विडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। अब आमिर खान का एक विडियो सामने आया है जिसमें वह होने वाली दुल्हन श्लोका मेहता के साथ आती क्या कंडाला पर डांस कर रहे हैं। मुकेश अंबानी-नीता अंबानी के बेटे आकाश अंबानी और रशेल मेहता की बेटी श्लोका मेहता के प्री-वेडिंग फंक्शन में बॉलिवुड का जमावड़ा लगा है। अब इस फंक्शन से आमिर खान और श्लोका मेहता का एक दिलचस्प विडियो सामने आया है।



इस विडियो में आमिर खान श्लोका के साथ अपने आइकॉनिक सॉन्ग आती क्या कंडाला पर थिरकते दिख रहे हैं। इसके अलावा इस समारोह का एक और विडियो वायरल हो रहा है जिसमें कई सितारे वेडिंग सॉन्ग पर थिरकते नजर आ रहे हैं।